Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the problems being faced by the public due to the restriction imposed by RBI on the withdrawl of money from Punjab and Maharashtra banks .

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में पंजाब और महाराष्ट्र बैंक के माध्यम से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । लोग बहुत बड़ी दिक्कत में है । लगभग एक लाख खाताधारक हैं, जो मेरे लोक सभा क्षेत्र में कल्याण, बदलापुर, डंडोली, उल्हासनगर, अम्बरनाथ, भिवंडी से हैं, जिन्होंने अपनी रिटायरमेंट की पूंजी बैंक में रखी है । उनके बच्चे अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं । उनकी फीस भरने का पैसा उनके पास नहीं है । रिजर्व बैंक ने कुछ बंधन लगा कर रखा है कि एक महीने में केवल चालीस हजार रुपये निकाल सकते हैं । लोग बहुत परेशान हैं । उनकी पूरी दीवाली अंधेरे में गई । 6,000 मिलिट्री से रिटायर लोग हैं, जिन्होंने अपनी सारी पूंजी इस बैंक में रखी हुई है । कुछ लोगों के पास अस्पताल के इलाज के लिए पैसे नहीं हैं । जो लोग सरकारी नौकरी में थे, उनके रिटायरमेंट के पैसे से घर चलना चाहिए, इसलिए उन्होंने उसे सेविंग अकाउंट में रखा है । उसके ब्याज से उनका घर चलता था । उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं है । आज तक लगभग दस लोगों की मौत हुई है । महोदय, मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इन लोगों को सहूलियतें दें । जिनके पैसे वहां फँसे हुए हैं, उनके पैसे उन्हें जल्द से जल्द मिले, वित्त मंत्रालय ऐसा निर्देश रिजर्व बैंक को दें ।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री कपिल मोरेश्वर पाटील द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं ।

माननीय अध्यक्ष: आप नई व्यवस्था के बारे में तो बताइए कि नई व्यवस्था क्या है । क्या आपको एक कागज मिला है?

डॉ. सत्यपाल सिंह : महोदय, वह मिल गया ।

माननीय अध्यक्ष: फिर यह बताइए कि नई व्यवस्था क्या है?